# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है। उसने हर हिंदुस्तानी का सर ऊचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने, सीमा पार कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। वह अद्‌भुत है, ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।**

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारत में बने हथियारों और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की चर्चा करते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ा। उन्होंने देश भर में निकाली गयी तिरंगा यात्राओं को अभिनंदनीय बताया। इस अवसर पर उन्होंने खेलो इण्डिया यूथ गेम्स की उपलब्धियों का उल्लेख करने के साथ इक्कीस जून को बनाये जाने वाले विश्व योग दिवस को लेकर अभी से नजर आ रहे उत्साह की भी चर्चा की और रोचक तरीके से योग दिवस मनाने का आह्वान किया।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज जौनपुर जिले में प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने सशस्त्र बलों के शौर्य की सराहना की।

**********

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा है कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद डॉ. सुब्रह्मण्यम ने भरोसा जताया कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ स्थित लोकभवन से बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर वह निपुण घोषित हो चुके विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम के लिये विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी गयी है।

**********

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा आज देश भर के प्रमुख शहरों में बनाये गये विभिन्न केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित हुयी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद ढाई बजे से सम्पन्न हुयी। परीक्षा को लेकर यूपीएससी ने परीक्षार्थियों के लिये पहले से व्यापक दिशा–निर्देश जारी कर रखे थे। समाचार प्राप्त होने तक किसी भी परीक्षा केन्द्र से कोई शिकायत नहीं मिली थी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये प्रमुख शहरों की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया था।

**********

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के जून सत्र की परीक्षायें इकतीस मई से शुरू होंगी। परीक्षायें पचीस जून को समाप्त होंगी। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, झांसी, कानपुर, नोएडा, मेरठ, आगरा और अयोध्या क्षेत्रीय केन्द्रों से सम्बद्ध एक सौ उन्सठ केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा।

**********

प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि इक्यावन हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रूपये करने की घोषणा प्रभावी हो गयी है। इस सम्बन्ध में शासनादेश जारी हो गया है। इसका लाभ चौबीस मई के बाद पंजीकरण कराने वालों को मिलेगा। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अब लड़की के खाते में साठ हजार रूपये आयेंगे जबकि उपहार सामग्री खरीदने पर पचीस हजार रूपये की धनराशि खर्च की जायेगी। पन्द्रह हजार रूपये की धनराशि प्रति जोड़ा शादी समारोह में अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किया जायेगा। योजना में पहले इक्यावन हजार रूपये की कुल व्यवस्था थी, जिसमें से कन्या के खाते में पैंतीस हजार रूपये भेजे जाते थे। इस बीच शासन ने पात्रता के लिये आय सीमा भी दो लाख से बढ़ाकर तीन लाख रूपये कर दी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रितेश।***

**********

प्रदेश में मानसून की दस्तक भले ही जून के दूसरे पखवाड़े में होने की उम्मीद है लेकिन इस बीच राज्य के कई पश्चिमी जिलों में आज तड़के मध्यम से तेज हवाओं के बीच हुयी बारिश ने लोगों को गर्मी से काफी राहत दिलायी है। अमरोहा, सहारनपुर, फर्रूखाबाद, सम्भल, इटावा और गौतमबुद्धनगर में एक से डेढ़ घंटे की बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाके में अगले दो–तीन दिनों तक गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

**********